# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग—१ कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बुधवार, तिथि ९ अगस्त १९७८ ई०

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नो के लिखित उत्तर :—विहार विधान-सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम ४ (ii) के परन्तुक के अन्तर्गत सभा मेज पर प्रश्नों के लिखित उत्तरों का सभा-मेज पर रखा जाना। | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—५४, ५५, ५७ एवं ५९ | ... २—१६ |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—२८०५, ३४१८, ३४१९, ३४२० ३४२१, एवं ३४२२। | ...१६—२६ |
| परिशिष्ट—१ ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) | ...२७—४६ |
| परिशिष्ट—२ ( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) | ...४७—३९५ |
| दैनिक निबंध ... ... | ... —३९७ |


टिप्पणी—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपने भाषण संशोधित नहीं किये हैं।

सरकार ? उपाध्यक्ष महोदय, वहाँ पर सार्वजनिक रूप से ठहरने के लिए कोई स्थान नहीं है। कोई भी पब्लिक मैन जब जायेगा तो कहाँ ठहरेगा ? जिला बोर्ड के पास फंड नहीं है तो क्या सरकार कोई अलटरनेटिव व्यवस्था करना चाहती है। फूड फोर वर्कस के अन्तर्गत या कोई दूसरे विभाग के माध्यम से वहाँ पर डाकबंगला बनाने का विचार रखती है ?

( उत्तर नहीं दिया गया )

*श्री रामजतन सिन्हा—उपाध्यक्ष महोदय, मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया। मैं जानना चाहता हूँ कि जब जिला बोर्ड के पास फंड नहीं है तो क्या माननीय मंत्री कोई अलटरनेटिव सोर्स से डाकबंगला बनाने का विचार रखते हैं। जैसे फूड फॉर वर्कस या आर० ई० ओ० के द्वारा ?

उपाध्यक्ष—मंत्री महोदय ने एक नीति संबंधी जवाब दिया। उन्होंने जवाब दिया है कि जिलाबोर्ड के पास एक तो फड नहीं है। यदि फंड भी है तो प्रथम सड़क की मरम्मती, या चिकित्सा सुविधा दें या डाकबंगला बनावें। एक नीति संबंधी जवाब उन्होने दिया।

श्री रामजतन सिन्हा—उपाध्यक्ष महोदय, गया जिला के करीब अधिकांश पुराने प्रखंडों में डाकबगला है, केवल मखदुमपुर में ही नहीं है। तो क्या माननीय मंत्री इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'फूड फार वर्क्स' योजना के अन्तर्गत वहाँ पर डाकबंगला के निर्माण का विचार रखते हैं ?

श्री जगबन्धु अधिकारी—'फूड फॉर वर्क्स' योजना के अन्तर्गत डाकबंगला बनाने का प्रावधान नहीं है।

---

निधि का आवंटन।

३४२०. श्री नईम अख्तर—क्या मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत परवत्ता निर्वाचन क्षेत्र के २५० चापाकल निधि के आवंटन के अभाव में बन्द हैं;

(२) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त चापाकलों की मरम्मती हेतु निधि का आवंटन शीघ्र करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग--(१) मुंगेर जिला के परवत्ता प्रखंड में इस विभाग का कुल ६५६ अदद नलकूप हैं जिसमें केवल ८३ अदद विशेष मरम्मती हेतु निधि के अभाव में बन्द हैं।

(२) बन्द नलकूपों की मरम्मती १९७८-७९ में निधि की व्यवस्था होने पर करा दी जायेगी।

श्री नईम अखतर—उपाध्यक्ष महोदय, जवाब में कहा गया है कि ८३ अदद विशेष मरम्मती हेतु निधि के अभाव में बन्द हैं।

*श्री ठाकुर प्रसाद सिंह—उपाध्यक्ष महोदय, पिछले सप्ताह प्रश्न का जवाब हो चुका है।

*श्री नईम अखतर—उपाध्यक्ष महोदय, विशेष मरम्मती के लिए ८३ चापाकल बन्द हैं। २५० चापाकल छोटे-मोटे मरम्मती के अभाव में बन्द हैं, क्या सरकार उसे ठीक करने का विचार रखती है ?

*श्री ठाकुर प्रसाद सिंह—कहा गया है कि २५० चापाकल खराब है लेकिन, पिछले सप्ताह मैंने कहा था कि केवल ८३ चपाकल खराब है विशेष मरम्मती के लिए।

*श्री नईम अखतर—उपाध्यक्ष महोदय, विशेष मरम्मती के लिए इतने हैं लेकिन २५० चापाकल छोटी-मोटी मरम्मती के लिए बंद हैं, क्या सरकार उसे ठीक करना चाहती है ?

( उत्तर नहीं दिया गया )

---

सड़क की मरम्मत।

३४२१. श्री नईम अखतर—क्या मंत्री, ग्राम्य अभियंत्रण संगठन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला में 'फूड फोर वर्क' स्कीम के अन्तर्गत गोगरी भरत खण्ड सड़क पर मिट्टी का कार्य पूरा हो गया है;